ग्रामीण कृषि मौसम सेवा
भारत मौसम विज्ञान विभाग
गोविंद बल्लभ पंत कृषि और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय
उधम सिंह नगर, पंतनगर, उत्तराखंड

मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

दिनांक : 07-06-2022

नैनीताल(उत्तराखंड) के मौसम का पूर्वानुमान - जारी करनेका दिन :2022-06-07 (अगले 5 दिनों के 8:30 IST तक वैध)

मौसम कारक	2022-06-08	2022-06-09	2022-06-10	2022-06-11	2022-06-12
वर्षा (मिमी)	0.0	0.0	0.0	1.0	2.0
अधिकतम तापमान(से.)	31.0	31.0	30.0	28.0	27.0
न्यूनतम तापमान(से.)	17.0	18.0	18.0	17.0	16.0
अधिकतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	30	35	35	40	55
न्यूनतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	40	35	35	35	40
हवा की गति (किमी प्रति घंटा)	6.0	8.0	8.0	8.0	8.0
पवन दिशा (डिग्री)	130	250	100	250	250
क्लाउड कवर (ओक्टा)	0	0	1	1	2

मौसम सारांश / चेतावनी:

आगामी पांच दिनों में, 10 व 11 जून को कहीं-कहीं बूंदा-बांदी हो सकती है तथा आमतौर पर मौसम साफ रहेगा। अधिकतम एवम् न्यूनतम तापमान क्रमश: 27.0 से 31.0 व 16.0 से 18.0 डिग्री सेल्सियस रहेगा| हवा के 6.0 से 8.0 किमी/ घंटे की गति से पूर्व-दक्षिण-पूर्व व पश्चिम-दक्षिण-पश्चिम दिशा से चलने का अनुमान है। ईआरएफएस के अनुसार, 12 से 18 जून के दौरान राज्य में वर्षा समान्य से कम, अधिकतम व न्यूनतम तापमान समान्य रहने का अनुमान हैं। चेतावनीः पर्वतीय व मैदानी क्षेत्रों में कुछ स्थानों पर लू चलने की संभावना है|

सामान्य सलाहकार:

किसान भाई पिछले सप्ताह के मौसम, मौसम पूर्वानुमान और मौसम आधारित कृषि सलाह प्राप्त करने के लिए "मेघदूत ऐप" तथा आकाशीय बिजली के पूर्वानुमान हेतु "दामिनी एप" डाउनलोड करें। मेघदूत व दामिनी ऐप को गूगल प्ले स्टोर (एंड्रॉ इड उपयोगकर्ताओं) ओं ओं ओं और ऐप सेंटसें र (आईओएस उपयोगकर्ताओं) ओं ओं ओं से डाउनलोड किया जा सकता है| सूर्य की तीव्र या तेज किरणो से फल पेड़ो के तने पर बचाव के लिए पेड़ के तनो पर नीला थोता मिश्रित चूने का (नीला थोता 1 किग्रा, चूना 30 किग्रा, आधा लीटर अलसी का तेल 100 ली0 पानी में मिलाकर) प्रयोग करे।

लघु संदेश सलाहकार:

आगामी पांच दिनों में, 10 व 11 जून को कहीं-कहीं बूंदा-बांदी हो सकती है तथा आमतौर पर मौसम साफ रहेगा। चेतावनीः पर्वतीय व मैदानी क्षेत्रों में कुछ स्थानों पर लू चलने की संभावना है|

फ़सल विशिष्ट सलाह:

फ़सल	फ़सल विशिष्ट सलाह
मक्का	निचले पर्वतीय क्षेत्रों में मक्का फसल की बुवाई जून माह के प्रथम पखवाड़े में करें।
सोयाबीन	मध्यम व कम ऊंचाई वाले क्षेत्रों में फसल की बुवाई माह के प्रथम पखवाड़े में करें।
अरहर (लाल चना/अरहर)	पिछले माह बोई गई अरहर की फसल में 20-25 दिन की अवस्था पर विरलीकरण करें तथा यथा समय निराई-गुड़ाई कर खरपतवार भी निकाल लें।
चावल	जेठी धन की सीधी बुवाई (उपराऊँ/ऊखड़) का कार्य पूर्ण करें।

बागवानी विशिष्ट सलाह:

बागवानी	बागवानी विशिष्ट सलाह
लीची	लीची में फलों के फटने से बचाव हेतु पानी का छिड़काव करें और उचित रंग आने पर फलों को तोड़ने के उपरांत विपणन की व्यवस्था करें।
आड़ू	आड़ू, प्लम, खुमानी की अगेती किस्मों की तुड़ाई जारी रखें। गुठलीदार फलों को मण्डी भेजे।
टमाटर	टमाटर में फल बेधक का प्रकोप होने पर, क्लोरान्ट्रा निलिप्रोले 18.5 एस0सी0, 150मि0ली0/है0 के छिड़काव के तीन दिन बाद या इन्डोक्साकार्ज 14.5 एस0सी0, 500मि0ली0/है0 की दर से छिड़काव के पाँच दिन बाद ही फल का उपयोग करें। रसायनों का छिड़काव मौसम पूर्वानुमान को ध्यान में रखकर करें
बैंगन	बैंगन में तना एवं फल बेधक के नियंत्रण हेतु इमामेक्टिन बेंजोएट 5 एस0जी0 200ग्रा0/है0, साइपरमैथ्रिन 25इसी 200मि0ली0/है0, लैम्डा साइहैलोथ्रिन 5 सी0एस0 300मि0ली0/है0 की दर से अन्तिम छिड़काव के पाँच दिन बाद फल का उपयोग करे। रसायनों का छिड़काव मौसम पूर्वानुमान को ध्यान में रखकर करें।

पशुपालन विशिष्ट सलाह:

पशुपालन	पशुपालन विशिष्ट सलाह
भेंस	दो से चार माह के उम्र के पशुओं को लंगड़ी बुखार का टीकाकरण करवाना चाहिए। सायनाइड ग्रस्त चारा खाए हुए पशु को पानी नही पिलाना चाहिए तथा चारागाहो में चराने ले गये पशुओ को कम बढ़ी हुई ज्वार, बाजरा, चरी की फसल न खाने दे। छोटे मुर्झाये हुए पीले व सुखकर ऐठे हुए पौधो को चारे के रूप में उपयोग नही करे।
गाय	दो से चार माह के उम्र के पशुओं को लंगड़ी बुखार का टीकाकरण करवाना चाहिए। दो माह की उम्र के बछड़ों/ ड़ों बछियों को पीपराजीन नामक कृमिनाशक दवाई जरुर पिलायें।

अन्य (मृदा / भूमि तैयारी) विशिष्ट सलाह:

अन्य (मृदा / भूमि तैयारी)	अन्य (मृदा / भूमि तैयारी) विशिष्ट सलाह
सामान्य सलाह	अत्यधिक गर्मी में, फलों को झड़ने से बचाने हेतु भूमि में नमी को संरक्षित रखने हेतु फल पौधों के थालों में पलवार का प्रयोग करें।